समाचार

# जनसमस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें—महापौर



कोरबा 15 जून 2021 —श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के अधिकारियों से कहा है कि आमजन की समस्याओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनका निराकरण समयसीमा में करें। उन्होने कहा कि निगम के प्रगतिरत विकास व निर्माण कार्यो में आवश्यक तेजी लाएं, साफ—सफाई पर विशेष ध्यान दें तथा वर्षा ऋतु में जलभराव की स्थिति पैदा होने पर तुरंत जल निकासी की व्यवस्था करे।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज निगम अधिकारियों की बैठक में कहीं। महापौर ने आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा की उपस्थिति में नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित कक्ष में जोन कमिश्नरों एवं अन्य प्रभारी अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान महापौर ने आमजनता से जुड़ी हुई समस्याओं के शीघ्र निराकरण किए जाने पर बल देते हुए कहा कि जनसमस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें तथा उनका यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होने कहा कि मानसून का आगमन हो चुका है, वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति न बने, इस हेतु सभी आवश्यक कदम उठावें, यदि कहीं जलभराव होता है तो तुरंत पानी की निकासी करें। महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि तालाबों की जीर्णोद्धार संबंधी कार्यो तथा मुक्तिधाम में साफ—सफाई, मरम्मत व सुधार संबंधी कार्यो को भी प्राथमिकता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने अटल आवासगृह, वाम्बे आवासगृहों आदि की जर्जर स्थिति को देखते हुए उनके मरम्मत व सुधार कार्यो के संबंध में आवश्यक प्रस्ताव शासन को भेजने, इस हेतु जर्जर आवासगृहों

की वर्तमान भौतिक स्थिति के फोटोग्राफ्स तैयार कर प्रस्ताव के साथ संलग्न करने के निर्देश दिए। महापौर श्री प्रसाद ने शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत किए जाने वाले निर्माण कार्यो की कार्यप्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा कहा कि निगम द्वारा वर्तमान में प्रगतिरत विकास कार्यो में तेजी लाएं एवं प्रस्तावित कार्यो की कार्यप्रक्रिया को आवश्यक गति दें ताकि कार्यो को धरातलीय स्तर पर संपादित कराया जा सके।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद एवं एम.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, आर.के. माहेश्वरी, आर.के.चौबे, भूषण उरांव, एम.एन.सरकार, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, राजेश पाण्डेय सहित निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित